डाक पंजीयन क्रं. मालवा डिविजन/404/2025-27 RNIMPHI/2022/86763

हिन्दी दैनिक

# संघर्ष से सिद्धि

खबरों के साथ, हर नजरिये की बात

Sangharshsesiddhi@gmail.com | उज्जैन गुरुवार 26 मार्च 2026 | वर्ष-04 अंक-229 | पृष्ठ-08, मूल्य-01 रुपये

''स्वदेशी अपनाओ, राष्ट्र को शक्तिशाली बनाओ''

# मुख्यमंत्री निवास में होगी बहनों की पंचायत-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## बहनों का आशीर्वाद हमें निरंतर प्राप्त हो रहा है-बहनों से संवाद का क्रम जारी रहेगा




**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उनके जन्म दिवस 25 मार्च को प्रातः बहनों की पाती-भैया के नाम लेकर मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनों का स्वागत किया।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अभिव्यक्ति बहनों की पाती-भैया के नाम एक आत्मीय पहल है। बहनों का आशीर्वाद हमें निरंतर प्राप्त होता रहा है। प्रदेश की बहनों ने अपने मन के भाव, अनुभव और सुझाव पाती के माध्यम से व्यक्त किए हैं।

बहनों ने अपने भैया के प्रति विश्वास, स्नेह और सम्मान को शब्दों में पिरोया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं के स्वाभिमान और सशक्तिकरण के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री निवास में जल्द ही बहनों से संवाद के लिए विशेष पंचायत आयोजित की जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी देश में गरीब, युवा, नारी और किसान को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रहे हैं। प्रदेश में बहनों के कल्याण का कार्य मिशन मोड में चल रहा है।

राज्य सरकार ने नारी सशक्तिकरण के लिए एक लाख करोड़ रूपए से अधिक के बजट का प्रावधान किया है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए सरकार ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

अब हमारी बहनें कारखानों और उद्योगों में भी नेतृत्व कर रही हैं। राज्य सरकार महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित कर रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पहुंची बहनों से महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी को अधिक से अधिक प्रसारित करने में सहयोग का आहवान किया।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिए आवश्यक है कि हर पात्र बहन आत्मनिर्भरता और उनके कल्याण के लिए चलाई जा रही शासकीय योजनाओं का लाभ लें।

## सभी नागरिकों के लिए समान कानून भाजपा की प्राथमिकता-शाह

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिकता रही है कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले। गुजरात विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पारित होने पर श्री शाह ने यह बात कही। श्री शाह ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, देश में हर नागरिक के लिए एक समान कानून हो, यह भाजपा का स्थापना से ही संकल्प रहा है। मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की राज्य सरकारें इस दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही हैं। मुझे हर्ष है कि उत्तराखंड के बाद अब गुजरात ने भी समान नागरिक संहिता विधेयक पारित करने का ऐतिहासिक कार्य कर अपनी प्रतिबद्धता



दर्शाई है। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और इस विधेयक को समर्थन देने वाले सभी विधायकों को बधाई देता हूँ।

उन्होंने कहा कि देश तुष्टीकरण के आधार पर नहीं, बल्कि सभी नागरिकों के लिए समान कानून से चले, यह हमारी प्राथमिकता भी है और संकल्प भी है। उल्लेखनीय है कि गुजरात विधानसभा ने मंगलवार को गुजरात समान नागरिक संहिता विधेयक 2026 पारित किया, जिससे राज्य में सभी धर्मों के लिए विवाह, तलाक, संपत्ति और लिव-इन रिलेशनशिप के लिए समान कानून बन गया है।

गुजरात, उत्तराखंड के बाद यह विधेयक पारित करने वाला दूसरा राज्य बन गया है।

## भारत में ईंधन का कोई संकट नहीं-सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों के बीच केन्द्र और राज्य संचालित तेल कंपनियों ने स्पष्ट किया है कि भारत में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है।

पिछले 48 घंटों के दौरान पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति बाधित होने की अफवाहें तेजी से फैलीं, जिससे देश के कुछ हिस्सों में लोगों में चिंताएं बढ़ी और कुछ पेट्रोल पंपों पर भीड़ देखी गई। हालांकि अधिकारियों ने इन आशंकाओं को पूरी तरह निराधार बताया और कहा कि भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद भारत की ईंधन सुरक्षा मजबूत बनी हुई है। एक विस्तृत परामर्श में भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने नागरिकों को आश्वस्त किया है कि देश में ईंधन का पर्याप्त भंडार मौजूद है और सभी आपूर्ति श्रृंखलाएं सामान्य रूप से काम कर रही हैं। कंपनी ने कहा कि पेट्रोल और डीजल की कमी की अफवाहें पूरी तरह गलत हैं और घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है।

बीपीसीएल ने कहा, पेट्रोल और डीजल की कमी को लेकर फैलाई जा रही खबरें पूरी तरह निराधार हैं। भारत में ईंधन का पर्याप्त भंडार है और आपूर्ति व्यवस्था सामान्य है। बीपीसीएल पूरी तरह संचालन में है और निर्बाध ईंधन आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। कृपया अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल आधिकारिक स्रोतों पर ही भरोसा करें। कंपनी ने यह भी स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है और भारत इन ईंधनों का शुद्ध निर्यातक है। कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और विमानन ईंधन (एटीएफ) का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है और आपूर्ति श्रृंखला में किसी प्रकार की बाधा नहीं है। कंपनी ने बताया कि उसकी सभी रिफाइनरी, डिपो और पेट्रोल पंप पूरी क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे घबराकर ईंधन की अनावश्यक खरीद न करें। इस बीच, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने भी कहा कि देश की सभी रिफाइनरी उच्च क्षमता पर चल रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है। पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा गया है। मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि देशभर में सभी खुदरा ईंधन आउटलेट सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कुछ क्षेत्रों में अफवाहों के कारण घबराहट में खरीदारी देखी गई, जिससे पेट्रोल पंपों पर असामान्य भीड़ हुई। सरकार ने जनता से अपील की है कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और आश्वस्त किया है कि देशभर में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

## वित्त विधेयक 2026 लोकसभा में ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने वित्त वर्ष 2026-2027 में सरकार के बजट प्रस्तावों को लागू करने के लिए अहम वित्त विधेयक 2026 को बुधवार को ध्वनिमत से पारित कर दिया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में वित्त विधेयक पर दो दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए करो में सुधार कर कारोबार को आसान बनाने के लिए काम कर रही है। उनका कहना था कि विदेश जाने वाले पर्यटकों के लिए करो में छूट दी गई है और जो विदेश से जरूर का सामान लाते हैं उनको एयरपोर्ट पर दिक्कत ना हो इसे निर्बाध और सरल बनाने का काम किया गया है। उनका कहना था कि आयकर व्यवस्था पर विशेष ध्यान देते हुए इसका सरलीकरण किया गया है ताकि लोगों को व्यवसाय बढ़ाने तथा करदाताओं को आसानी हो।

वित्त मंत्री ने कहा कि राजकोषीय घाटा कम करना उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है और इसे धीरे धीरे कम किया जा रहा है। उनका कहना था की 2020-21 राजकोषीय घाटा 9.3 प्रतिशत था जो अब तक 4.3 प्रतिशत काम हुआ है। इसी तरह से विश्व स्तर में ऋण में भी भारत, चीन, जापान और अमेरिका जैसे देश से कई अधिक बेहतर स्थिति में है। उनका कहना था कि देश का आर्थिक आधार मजबूत है और अब कोई भी बड़ा संकट सरकार की आर्थिक आधार को कमजोर नहीं कर सकता है। उनका कहना था कि 2008 के संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय में आये मामूली आर्थिक संकट ने सरकार को हिला दिया था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जो सुधार कर रही है वे मजबूरी में नहीं बल्कि स्पष्ट मंशा और विश्वास दृढ़ विश्वास के साथ किये जा रहे है।

# परमिट की 1300 पेटी भरे ट्राले को लुटा, बाग टांडा रोड पर शराब से भरे ट्राले की आधी पेटियां लूटने की घटना

**विशाल बाबा नामदेव**

**बाग।** धार जिले की बाग जनपद क्षेत्र के टांडा थाना के कुक्षी-राजगढ़ मार्ग स्थित जैतगढ़ घाटी में अज्ञात बदमाशों ने शराब से भरे एक ट्राले को लूट लिया। हालांकि पुलिस ने घेराबंदी करते हुए महज कुछ ही घंटों में लूटा गया ट्राला बरामद कर लिया है।

**चालक के साथ मारपीट**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्राला क्रमांक एमपी 9 एचएच 6512 करीब 1300 पेटी परमिट की शराब लेकर लाइसेंसी शिया एंटरप्राइजेज अलीराजपुर के चांदपुर जा रहा था।

रात करीब ढाई बजे जैतगढ़ घाटी के पास अज्ञात बदमाशों ने वाहन को रोक लिया। बदमाशों ने चालक करण के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसकी आंखों पर पट्टी बांधकर उसे बीच सड़क पर उतार दिया। इसके बाद आरोपी शराब से भरा ट्राला लेकर फरार हो गए।

**जीपीएस बंद होते ही हरकत में आई पुलिस**

पकड़े जाने के डर से आरोपियों ने ट्राले





में लगे जीपीएस सिस्टम को बंद कर दिया था। जैसे ही शराब कंपनी के कर्मचारियों को जीपीएस सिग्नल बंद होने की सूचना मिली, उन्होंने तुरंत टांडा पुलिस को सूचित किया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए टांडा थाना प्रभारी संजय रावत ने टीम के साथ तत्काल सर्चिंग अभियान शुरू किया।

**धयडी गांव के पास घेराबंदी, एक संदिग्ध गिरफ्तार**

पुलिस नेअलसुबह धयडी गांव के पास लूटा गया ट्राला बरामद कर लिया गया। पुलिस के पहुंचने पर बदमाश ट्राले से शराब उतारकर एक पिकअप वाहन में भर रहे थे। पुलिस को देखकर आरोपी मौके से भागने लगे, जिनमें से एक संदिग्ध को पुलिस ने हिरासत में लिया है।

पुलिस थाना प्रभारी संजय रावत ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि लूटा गया ट्राला और उसमें भरी शराब बरामद कर ली है। पकड़े गए संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही गिरोह के अन्य सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। शराब की गणना और कानूनी प्रक्रिया जारी है।

# लाखों की अवैध शराब, वाहन सहित दो आरोपी गिरफ्तार




**खलील मंसूरी**

**आलीराजपुर। आलीराजपुर पुलिस अधीक्षक आलीराजपुर रघुवंशसिंह के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब की गतिविधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, थाना आजादनगर पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बडी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जब्त करने में सफलता प्राप्त की है।**

घटना का संक्षिप्त विवरण एवं पुलिस कार्यवाही-दिनांक 24 मार्च 2026 को मुखबिर तंत्र से सूचना प्राप्त हुई कि एक सफेद रंग की हुण्डई औरा कार में अवैध मदिरा भरकर कालीयावाव मार्ग से दाहोद (गुजरात) की ओर ले जाई जा रही है। प्राप्त सूचना पर थाना प्रभारी आजादनगर निरीक्षक शिवराम तरोले के नेतृत्व मे गठित टीम के वाहन की घेराबंदी हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुये पुलिस टीम द्वारा ग्राम कालीयावाव स्थित हथनी नदी पुलिया के समीप नाकाबंदी कर आने-जाने वाले संदिग्ध वाहन के आने पर उसे रोककर तलाशी की कार्यवाही की गई जिसस पर एक कार की पिछली सीट और डिक्की में बडी मात्रा में अवैध शराब पाई गई। वाहन में सवार व्यक्तियों ने अपना नाम जयश पिता राजेश तडवी (उम्र 20 वर्ष) तथा चेतन पिता सुरदास भाई रावत (उम्र 20 वर्ष), दोनों निवासी जिला दाहोद (गुजरात) बताया।

उक्त शराब के परिवहन के संबंध में आरोपियों द्वारा कोई वैध अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर, थाना आजादनगर में अपराध क्रमांक 103/2026, धारा 34(2), 46 आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक शिवराम तरोले, सउनि दिनेश नरगावे, सउनि भूपेन्द्र नायक, प्रआर जवसिंह, आरक्षक बबलू, राकेश, विजय, रणसिंह एवं तूफान का विशेष एवं उल्लेखनीय योगदान रहा है।

# कलेक्टर की अपील-अफवाहों से बचें, आपूर्ति पूरी तरह सामान्य

**(संजय जैन सह संपादक)**

**झाबुआ।** जिला कलेक्टर नेहा मीना ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और संयम बनाए रखें।

कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि जिले में पेट्रोल एवं डीजल की किसी भी प्रकार की कमी नहीं है। सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है तथा नियमित रूप से आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि कुछ असत्य एवं भ्रामक सूचनाओं के कारण अनावश्यक भीड़ की स्थिति बन रही है, जिससे आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

कलेक्टर ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे घबराएं नहीं, अफवाहों पर विश्वास न करें तथा अनावश्यक रूप से पेट्रोल-डीजल का संग्रहण न करें। सभी लोग अपनी आवश्यकता के अनुसार ही ईंधन लें।




जिला प्रशासन द्वारा स्थिति एवं आपूर्ति की सतत निगरानी रखी जा रही है एवं खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जिससे आपूर्ति निरंतर बनी रहे।

# विधायक ने किया 75 लाख से अधिक के निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**राजेश नाहर 9479973888**

**खेतिया। खेतिया से लगे ग्राम बेहडिया में लगभग 75 लाख रुपए की लागत से विभिन्न जनहितकारी विकास कार्यो काभूमि पूजन विधायक श्याम बर्डे ने जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की उपस्थिति में किया।**

ग्राम बेहड़िया की लम्बे समय से चल रही मांग को विधायक श्याम बर्डे ने मुख्यमंत्री व मंत्रियों से मिलकर स्वीकृति दिलाई जिससे ग्राम में पीर बाबा के पास पुलिया निर्माण-20 लाख रुपए,सामुदायिक भवन निर्माण-25 लाख रुपए, आजीविका भवन निर्माण-19.96 लाख रुपए व रपट निर्माण-10 लाख रुपए की स्वीकृति दिलवाते हुए आज भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर विधायक श्याम बर्डे ने ग्रामवासियों को सम्बोधित करते कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से ग्रामवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी, आवागमन सुगम बनेगा तथा सामाजिक एवं आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। विशेष रूप से आजीविका भवन से स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे, वहीं सामुदायिक भवन सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों का केंद्र बनेगा।

ग्राम पंचायत बेहडिया सहित पूरे पानसेमल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। जनसेवा एवं विकास के इस अभियान को आप सभी के सहयोग, विश्वास और आशीर्वाद से आगे बढ़ाया जा रहा है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र







सोनिस, जनपद सदस्यगण प्रतिनिधि अजय निकुम, रायमल शिन्दे, पंडित माली, देवा नावडे, मंडल संजय भोसले, कौशिक पटेल, गोविंद पटेल, श्याम हरसोला, हेमराज पाटिल, डॉ. निंबा पाटीदार, सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# रतलाम सायबर सेल की बड़ी सफलता-100 गुम मोबाइल ट्रेस कर करीब 20 लाख के मोबाइल धारकों को लौटाए

**(उपेंद्र पाटोदिया ब्यूरो )**
**9926809786**

**रतलाम। गुम हुए मोबाइल फोन से नागरिकों को होने वाले आर्थिक नुकसान को देखते हुए रतलाम पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत सायबर सेल ने उल्लेखनीय सफलता प्राप्त करते हुए 100 गुम मोबाइल फोन ट्रेस कर लगभग ?20 लाख मूल्य के मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को वापस सौंपे।**

पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में सायबर सेल द्वारा यह विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान CEIR पोर्टल के माध्यम से गुम हुए मोबाइल फोन की तकनीकी जांच कर उन्हें ट्रेस किया गया। बरामद मोबाइल फोन रतलाम, इंदौर, धार, मंदसौर, नीमच, उज्जैन, झाबुआ सहित विभिन्न स्थानों से प्राप्त किए गए। जांच में सामने आया कि अधिकांश मोबाइल फोन अलग-अलग व्यक्तियों को रास्ते में गिरे हुए मिले थे, जिन्हें उन्होंने अनजाने में उपयोग करना शुरू कर दिया था। पुलिस द्वारा ऐसे व्यक्तियों को भविष्य में किसी का मोबाइल मिलने पर निकटतम थाने में जमा कराने की समझाइश दी गई।

बरामद मोबाइलों में प्रमुख कंपनियां सैमसंग, वीवो, रियलमी, रेडमी, ओप्पो,



एप्पल तथा अन्य विभिन्न कंपनियों के मोबाइल शामिल रहे। सायबर फ्रॉड के संबंध ने जागरूक किया-सायबर सेल टीम द्वारा मोबाइल धारकों को मोबाइल सुरक्षा एवं सायबर फ्रॉड से बचाव के उपायों के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई।

**सराहनीय भूमिका**

इस अभियान में निरीक्षक अमित कोरी, उप निरीक्षक जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीनारायण सूर्यवंशी, प्रधान आरक्षक हिम्मत सिंह, आरक्षक विपुल भावसार, आरक्षक मयंक व्यास, , आरक्षक राहुल पाटीदार, आरक्षक तुषार सिसौदिया, आरक्षक मोर सिंह, आरक्षक जितेंद्र चौधरी एवं आरक्षक वीरेंद्र डाबी की विशेष सराहनीय भूमिका रही।

रतलाम पुलिस द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि यदि किसी को कोई गुम मोबाइल फोन मिलता है तो उसे अपने पास रखने के बजाय निकटतम पुलिस थाने में जमा कराएं। ऐसा करने वाले व्यक्तियों को उचित पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

रतलाम पुलिस द्वारा नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा एवं सायबर अपराधों की रोकथाम हेतु इस प्रकार के अभियान निरंतर जारी रहेंगे।

# क्या मनरेगा का खेल, अब जी राम जी स्कीम में भी यथावत रहेगा...?-मप्र में 9 साल में 6963 खेल मैदानों पर खर्च किए 115 करोड़ झाबुआ जिले में 25 फीसदी भी अस्तित्व में नहीं-जिले में 395 खेल मैदानों के लिए खर्च किए जा चुके है -6.04 करोड़ रुपए-जमीनी हकीकत, गड्ढे व झाड़ियों से पटे ज्यादातर मैदान, कई जगह कब्जेधारी खेती कर रहे, युवा सड़कों पर दौड़ लगाने को मजबूर...........




**झाबुआ (संजय जैन-सह संपादक)।** ग्रामीण विकास की सबसे बड़ी कोई योजना है तो वह है मनरेगा। विकास कार्यों के साथ लोगों को रोजगार मुहैया करने के लिए लागू महात्मागांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम में हर साल हजारों करोड़ का बजट आता है। 2022-23 के लिए केंद्र सरकार ने 73000 करोड़ बजट प्रावधान किया। इसी योजना से औसत हर ग्राम पंचायत स्तर पर एक-एक खेल मैदान बनाया। प्रदेशभर में करीब 6963 खेल मैदान बनाए,जिन पर 115 करोड़ खर्च हुए। सर्वाधिक 92 फीसदी निर्माण 2016 से 2018 के बीच हुए। उद्देश्य था ग्रामीण प्रतिभाओं को खेल के लिए बेहतर मैदान व माहौल मिलेगा। आर्मी,पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवा दौड़ या अन्य वर्क आउट कर सकेंगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ,न ही ज्यादातर मैदान साबूत ही बचे है।

**खर्चे गए 9 साल के दरम्यान मनरेगा में 395 खेल मैदान बनाने पर 6.04 करोड़....**

52 जिलों के 313 ब्लॉक में कुल 23169 ग्राम पंचायतें वर्तमान में हैं। जिले में 9 साल के दरम्यान मनरेगा में 395 खेल मैदान बनाने पर 6.04 करोड़ खर्चे गए, इनमें 25प्रतिशत भी साबूत नहीं हैं। कही गड्ढे,झाड़ियां तो कही अतिक्रमणकर्ताओं ने कब्जे जमा लिए हैं। कही पंचायत में युवाओं द्वारा तैयार किए खेल मैदान पर कुछ लोगों ने जेसीबी चला कर खाई खोद भूखंड बांट दिए। मैदान मे झांड़ियां उग रही व पशु विचरण कर रहे,जिले में 75 फीसदी खेल मैदानों का यही हाल है। क्या मनरेगा का यही खेल,अब जी राम जी स्कीम में भी यथावत रहेगा...?

**खर्च दी पंचायतों ने मस्टर भरकर राशि.......**

पंचायतों ने मस्टर भरकर राशि खर्च दी,लेकिन सही प्लानिंग व मेंटेनेंस नही होने से मैदान कागजों में दर्ज होकर रह गए,हकीकत में कुछ नहीं है। यह तो झाबुआ जिले का उदहारण है। यदि मप्र में बाकी जगह भी ऐसा हुआ तो यह बड़े घोटाले से कम नहीं। हैरानी इस बात की है मनरेगा हर साल सोशल ऑडिट करता है,लेकिन इसमें भी,जमीनी हकीकत सरकार तक नहीं पहुंच रही,वरना मैदानों की सुध लेकर या अतिक्रमण मुक्त कर उपयोगी बना सकते हैं। क्या मनरेगा का यही खेल,अब जी राम जी स्कीम में भी यथावत रहेगा...?




**मैदान सिर्फ कागजों में रह गए..........**

जो सरकारी भूमियां रिक्त थी,वहां केवल ट्रैक्टर चलाकर या मजदूरों से समतलीकरण कर दिया,मुरम भराव नहीं किया,बाउंड्री नहीं बनाई। इसलिए लोगों ने कब्जे कर लिए। मुरम नहीं होने से बारिश मे मवेशी घुसने से उबड़-खाबड़ हो गए। सिर्फ वे ही मैदान सुरक्षित हैं जो किसी स्कूल परिसर में थे और पंचायतों ने उन्हें ही संवारना बताकर राशि आहरित कर दी,वहां स्कूलों ने मेंटेनेंस किया हैं।




**मामले की जांच करती हूं.....**



मामले की जानकारी नहीं है,आपने बताया हैं तो मामले की जांच करती हूं। यदि कहीं कोई लापरवाही हुई हैं तो मामले की जांच करवा कर उचित कार्रवाई कराएंगे।

-सोनल भाभर, अध्यक्ष-जिला पंचायत।




लगभग 3 वर्ष पूर्व पेटलावद ब्लॉक जामली के खिलाड़ियों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने जनसहयोग से 25 हजार रूपये एकत्रित कर खेल मैदान का समतलीकरण किया था। तब भी यहाँ से वाहनों का आना जाना लगा रहता रहा,जिससे खेल मैदान में बड़े बड़े गद्दे भी हो चुके है ,आये दिन कोई न कोई खिलाडी चोटिल होता ही रहता है। खिलाड़ियों ने बताया कि मुख्यमंत्री की घोषणानुसार यहाँ स्टेडियम बनना था,जिसके चलते दिखावे के नाम पर कुछ हिस्से में सिर्फ बैठक व्यवस्था बना दी गयी थी और स्टेडियम भी भ्रष्टाचार की भेट चढ़ गया,ऐसा साफ प्रतीत भी हो रहा है। खिलाड़ियों का आरोप था कि शायद मैदान के समतलीकरण के नाम से 2 लाख रूपये खर्च बता दिया गया,जबकि ऐसा कोई कार्य यहाँ हुआ नहीं था। खिलाड़ियों का कहना था कि इसकी जाँच न करवाई गयी तो चक्का जाम करने को विवश भी हो जायेंगे,जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

**प्रदेश स्तर पर 6963 खेल मैदानों पर खर्चे गए 115 करोड़ रुपए-किस वर्ष कितने खेल मैदान बने व कितनी राशि खर्ची......**

| निर्माण वर्ष | मैदान | राशि खर्च हुई |
|---|---|---|
| 2014-15 | 67 | 2.45 करोड़ |
| 2015-16 | 133 | 4.69 करोड़ |
| 2016-17 | 3343 | 64.89 करोड़ |
| 2017-18 | 3064 | 36.79 करोड़ |
| 2018-19 | 235 | 3.85 करोड़ |
| 2019-20 | 78 | 1.25 करोड़ |
| 2020-21 | 32 | 59 लाख |
| 2021-22 | 09 | 11 लाख |
| 2022- | 02 | 1 लाख |

(नोट-आंकड़े मनरेगा की सरकारी वेबसाइट से प्राप्त जानकारी के अनुसार।)

**जिले में 395 खेल मैदानों के लिए खर्च किए जा चुके है 6.04 करोड़ रुपए- किस वर्ष कितने खेल मैदान बने व कितनी राशि खर्ची.......**

| निर्माण वर्ष | मैदान | राशि खर्च हुई |
|---|---|---|
| 2014-15 | 27 | 59.58 लाख |
| 2015-16 | 11 | 65.76 लाख |
| 2016-17 | 160 | 2.33 करोड़ |
| 2017-18 | 167 | 1.76 करोड़ |
| 2018-19 | 14 | 27.16 लाख |
| 2019-20 | 03 | 4.93 लाख |
| 2020-21 | 08 | 30.13 लाख |
| 2021-22 | 03 | 6.35 लाख |
| 2022 | 02 | 0.13 लाख |

(नोट-आंकड़े जिला पंचायत कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार।)

## सम्पादकीय

### सरकार का बड़ा फैसला

पश्चिम एशिया में अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष का असर अब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर साफ दिखाई देने लगा है। खासतौर पर होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधाओं के कारण पेट्रोलियम उत्पादों की आवाजाही प्रभावित हुई है, जिससे भारत समेत कई देशों में गैस आपूर्ति पर दबाव बढ़ा है। इसी संकट के बीच भारत सरकार ने रसोई गैस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक बड़ा नीतिगत कदम उठाया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम उत्पाद वितरण आदेश, 2026' जारी किया है, जिसके तहत PNG (पाइप्ड नेचुरल गैस) को बढ़ावा देने के लिए सख्त प्रावधान किए गए हैं।

नए आदेश के अनुसार, जिन क्षेत्रों में PNG की सुविधा उपलब्ध है, वहां रहने वाले उपभोक्ताओं के लिए PNG कनेक्शन लेना अनिवार्य कर दिया गया है। अगर कोई उपभोक्ता अधिकृत एजेंसी की सूचना के बावजूद PNG कनेक्शन नहीं लेता, तो तीन महीने के भीतर उसके घर की LPG (सिलेंडर) आपूर्ति बंद की जा सकती है। सरकार का यह कदम ईंधन के बेहतर वितरण और संसाधनों के संतुलित उपयोग की दिशा में एक बड़ा बदलाव माना जा रहा है। सरकार के इस फैसले के पीछे मुख्य कारण पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध और उससे पैदा हुआ गैस संकट है। खाड़ी देशों में गैस उत्पादन और तरलीकरण सुविधाओं पर असर पड़ा है, वहीं होर्मुज जलडमरूमध्य में रुकावटों के कारण आपूर्ति बाधित हो रही है। ऐसे में भारत ने 'ईंधन विविधीकरण' की रणनीति अपनाई है, ताकि किसी एक स्रोत पर निर्भरता कम की जा सके। सरकार का लक्ष्य है कि जिन शहरी इलाकों में पाइपलाइन मौजूद है, वहां PNG का उपयोग बढ़ाया जाए और PNG सिलेंडरों को ग्रामीण व दूरदराज के इलाकों के लिए उपलब्ध कराया जाए।

नए नियमों में हाउसिंग सोसायटी और रेजिडेंशियल कॉम्प्लेक्स के लिए भी स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। अब किसी भी सोसायटी को गैस पाइपलाइन बिछाने की अनुमति देने में देरी या मनमानी करने की छूट नहीं होगी। सोसायटी को 3 कार्य दिवसों के भीतर अनुमति देनी होगी, 48 घंटे के भीतर अंतिम कनेक्टिविटी सुनिश्चित करनी होगी, पाइपलाइन आवेदन को खारिज नहीं किया जा सकता। यदि कोई सोसायटी अनुमति नहीं देती, तो उसे नोटिस जारी किया जाएगा और तीन महीने बाद पूरे कॉम्प्लेक्स की PNG सप्लाई बंद की जा सकती है। विवादों के समाधान के लिए नामित अधिकारियों को सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां भी दी गई हैं।

सरकार ने केवल उपभोक्ताओं ही नहीं, बल्कि गैस कंपनियों और सरकारी एजेंसियों के लिए भी सख्त समयसीमा तय की है। सार्वजनिक प्राधिकरणों को तय समय में अनुमति देनी होगी। देरी होने पर मंजूरी स्वतः स्वीकृत मानी जाएगी। गैस कंपनियों को 4 महीने के भीतर काम शुरू करना होगा। अगर कंपनियां समयसीमा का पालन नहीं करतीं, तो उन पर जुर्माना लगाया जा सकता है या उनकी क्षेत्रीय विशिष्टता समाप्त की जा सकती है। इन सभी प्रावधानों की निगरानी का जिम्मा 'पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस नियामक बोर्ड' को सौंपा गया है।

सरकार ने उन उपभोक्ताओं के लिए राहत का प्रावधान भी रखा है, जहां PNG कनेक्शन देना तकनीकी रूप से संभव नहीं है। ऐसे मामलों में अधिकृत गैस कंपनी 'अनापत्ति प्रमाण पत्र' जारी करेगी, जिसके आधार पर सप्लाई जारी रहेगी। हालांकि, कंपनी को इस स्थिति का रिकॉर्ड रखना होगा और भविष्य में जब कनेक्टिविटी संभव होगी, तो यह छूट वापस ली जा सकती है।

## भोपाल कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के जाली दस्तखत से पीओ डूडा के सरकारी खजाने में सेंध, खाते से ठगे 2.26 करोड़

**भोपाल।** डिप्टी कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निधि चोकसी ने 17 मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी। उनके मुताबिक, 9 मार्च, 2026 को बैंक ऑफ इंडिया की सैफिया कॉलेज ब्रांच में मौजूद DUDA के खाते से पांच चेक के ज़रिए रु.2,26,71,000 निकाले गए। बाद की जांच में पता चला कि चेक पर कलेक्टर और डिप्टी कलेक्टर के दस्तखत पूरी तरह से जाली थे। इसके अलावा, 5 मार्च को आरोपियों ने कलेक्टर के आधिकारिक लेटरहेड पर एक फर्जी आवेदन जमा किया- जिसमें खाते से लिंक करने के लिए मोबाइल नंबर और ईमेल ID शामिल थे। इस काम के


कौशलेंद्र विक्रम सिंह कलेक्टर भोपाल

लिए जाली दस्तखत और आधिकारिक मुहरों का भी इस्तेमाल किया गया। निकाली गई राशि एनएस इंटरप्राइजेज, ब्लेक आई, राजकुमार इंटरप्राइजेज, दास इंटरप्राइजेज और मनी इंटरप्राइजेज के खातों में ट्रांसफर की गई है।

## नगर विकास को लेकर कलमकारों ने सीएमओ से की मुलाकात

**पंकज गोस्वामी**

**राणापुर।** नगर के अतिक्रमण,सब्जी मंडी,मुक्तिधाम,राणा सागर ओर बस स्टेंड से कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क तथा पूर्व सीएमओ द्वारा दबाई गई फाइल को लेकर कलमकार अध्यक्ष ओर मुख्य नगर परिषद अधिकारी से मुखातिब हुए। प्रारंभ में पत्रकार संजय अग्रवाल,मनोहर सोनी,कमलेश नाहर,पंकज जागेटिया,ललित सालेचा,पंकज गोस्वामी, तेजा गाहरी, हर्षवर्धन ठाकुर,अनिल जैन अन्नू ने राणापुर की उक्त समस्या को लेकर चर्चा की।सुरेश समीर ने मुक्तिधाम में फैली अव्यवस्थाओं के साथ बिजली,पानी ओर सफाई की व्यवस्थाओं का समाधान करने का आवेदन देते हुए कहा कि यदि अप्रैल माह के अंत



तक मुक्तिधाम की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो धरना दिया जाएगा। पत्रकारों ने बस स्टेंड की दुकान की फाइल का पता नहीं लगने पर संबंधित पर एफ आई आर करने का जिक्र किया। कब्रस्तान भूमि का सीमांकन करने,ओर कितनी जगह बने गतिरोधों को मानक बनाने की ओर इंगित किया। सीएमओ मिलन पटेल ओर अध्यक्ष ने पत्रकारों की समस्याओं को नगर हित ओर विकास के रूप में देखते हुए समाधान करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष सुश्री दीपमाला दिलीप नलवाया ने अपनी ओर से किए गए कार्य ओर कार्यवाही पर विस्तार से चर्चा की। सचिव मनोहर सोनी सहित सभी साथियों ने नगर विकास के वास्तविक कार्यों पर साथ देने का भरोसा दिलाया।पंकज गोस्वामी ने कहा कि समाचार पत्र में विज्ञापन की मुख्य भूमिका होती हे।नगर परिषद फ्लेक्स के नाम पर लाखों रुपए खर्च करती है पर स्वतंत्रता या गणतंत्र दिवस पर सभी समाचार पत्रों को विज्ञापन दिए जाना चाहिए। प्रदेश के सभी निगम, पालिका ओर परिषदें विज्ञापन देती है सिर्फ राणापुर ही ऐसी परिषद है। जो विज्ञापन नहीं देती।

## ईंधन आपूर्ति सुचारू रखने प्रशासन सख्त, पेट्रोल पंपों पर अव्यवस्था, अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने पर होगी कड़ी कार्यवाही

**आकाश गुप्ता**

**खरगोन। एसडीएम वीरेंद्र कुमार कटारे की अध्यक्षता में पेट्रोल पंपों के सुचारू संचालन एवं नियमित ईंधन आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक स्वामी विवेकानंद सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में पुलिस थाना प्रभारी खरगोन, सहायक आपूर्ति अधिकारी खरगोन, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सेगांव एवं भगवानपुरा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।**

बैठक में पंप संचालकों द्वारा अवगत कराया गया कि देर रात्रि में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ उमड़ने से फुल टैंक कराने के लिए लंबी कतारें लग रही हैं। इस पर एसडीएम श्री कटारे द्वारा निर्देश दिए गए कि व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोपहिया वाहनों को 2-3 लीटर पेट्रोल, चारपहिया निजी वाहनों को अधिकतम 1000 रुपये तक पेट्रोल तथा 2000 रुपये तक डीजल ही प्रदान किया जाए, जिससे सभी नागरिकों को समान रूप से ईंधन उपलब्ध हो सके। पंप संचालकों ने पेट्रोल-डीजल की अनियमित आपूर्ति की समस्या भी रखी, जिस पर संबंधित कंपनियों के सेल्स ऑफिसर्स से संपर्क कर मांग अनुसार आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।



साथ ही यह भी कहा गया कि किसी कारणवश पंप बंद होने की स्थिति में स्पष्ट सूचना पंप परिसर में प्रदर्शित की जाए।

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि पेट्रोल पंपों पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, अफवाह फैलाने या सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित करने की स्थिति में तत्काल नजदीकी पुलिस थाने को सूचना दी जाए। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति अथवा समूह पर धारा 163 के अंतर्गत कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में एसडीएम श्री कटारे द्वारा निर्देशित किया गया कि अनुभाग के समस्त पंप संचालकों/प्रबंधकों, थाना प्रभारियों, सहायक एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों तथा तहसीलदारों का एक संयुक्त व्हाट्सएप ग्रुप बनाया जाए, ताकि किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में त्वरित समन्वय एवं सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस ग्रुप में पंप संचालक प्रतिदिन पेट्रोल-डीजल स्टॉक एवं खपत की जानकारी साझा करेंगे।

बैठक में पंप परिसरों में हितग्राहियों की सुविधा के लिए संबंधित सेल्स ऑफिसर, टोल फ्री नंबर एवं क्षेत्रीय पुलिस थाने के संपर्क नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए गए। सभी पंपों को पूर्व निर्धारित समयानुसार संचालन करने तथा बोतल, केन अथवा ड्रमों में पेट्रोल-डीजल का प्रदाय न करने के निर्देश स्पष्ट रूप से दिए गए।

बैठक में व्यवस्था सुचारू रखने के लिए प्रत्येक पेट्रोल पंप पर होमगार्ड/पटवारी/अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने, डायल 112, मोबाइल वैन एवं बाइक पेट्रोलिंग द्वारा नियमित भ्रमण कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही प्रत्येक पंप पर रिजर्व स्टॉक के रूप में 2000 लीटर पेट्रोल एवं 3000 लीटर डीजल अनिवार्य रूप से रखने तथा उसका वितरण केवल एसडीएम, तहसीलदार अथवा कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के निर्देश पर ही करने के आदेश दिए गए।

## इंदौर संभाग में पेट्रोल-डीजल की पर्याप्त उपलब्धता, अफवाहों पर ध्यान न दें-संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े

**राजेश नाहर 9479973888**

**बड़वानी।** इंदौर संभागायुक्त डॉ.सुदाम खाड़े ने आज सम्भाग के सभी कलेक्टर्स और पेट्रोल डीजल कंपनियों के वितरकों के साथ बैठक की। बैठक में कंपनियों के पास मौजूदा समय में उपलब्ध स्टॉक सहित नागरिकों द्वारा बनाये गए पैनिक की स्थिति के मद्देनजर जिलो में पेट्रोल डीजल के सप्लाई चेन को निर्बाध्य रूप से सतत पूरी करने के निर्देश दिए है। सभी कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके पास पर्याप्त स्टॉक हमेशा रहता है और बुधवार को भी पर्याप्त स्टॉक रहा। कंपनियों द्वारा भी नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने का अनुरोध किया गया है। इस सम्बंध में इंदौर सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने स्पष्ट किया है कि इंदौर एवं इंदौर संभाग में पेट्रोल-डीजल की किसी प्रकार की कमी नहीं है। अफवाहों पर ध्यान न दें और अनावश्यक रूप से पैनिक न हों। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि संभाग में वर्तमान में पेट्रोल-डीजल का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है तथा भविष्य की आवश्यकता के लिए भी पर्याप्त स्टॉक सुरक्षित है। ऑयल कंपनियों को नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, साथ ही बढ़ती मांग को देखते हुए सप्लाई चेन को भी सुदृढ़ किया जा रहा है। संभागायुक्त ने नागरिकों से अपील की है कि



वे वाहनों के अतिरिक्त पेट्रोल-डीजल का अनावश्यक भण्डारण न करें, क्योंकि इसकी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों की तरह ईंधन की उपलब्धता निरंतर बनी हुई है। प्रशासन पूरी सतर्कता के साथ स्थिति पर निगरानी रखे हुए है तथा नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। वितरक कंपनियों द्वारा जिला प्रशासन के साथ स्टॉक की उपलब्धता शेयर करेगा बैठक में सम्भागायुक्त डॉ. खाड़े ने इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम व हिंदुस्तान पेट्रोलियम कंपनियों के प्रतिनिधियों से कहा कि जिलो में भी जिला प्रशासन के साथ स्टॉक की उपलब्धता के सम्बंध में डेटा शेयर करेंगे। संभागायुक्त ने निर्देश दिए कि वितरण व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर दें। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के पेट्रोल पम्पों पर स्टॉक उपलब्ध कराया जाए।

# शराब ट्रक की लुट का टांडा पुलिस ने 10 घंटे में किया खुलासा बदमाशों ने जेतगढ घाट से की थी लुट

**विशाल नामदेव**

**टांडा/धार।** पुलिस उप महानिरीक्षक/पुलिस अधीक्षक धार मंयक अवस्थी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धार विजय डावर एवं एसडीओपी कुक्षी सुनिल गुप्ता के नेत्रत्व में थाना प्रभारी संजय कुमार रावत व टांडा पुलिस की टीम के द्वारा दिनांक 25.03.2026 के रात्री 2.45 बजे ग्राम जेतगढ घाट पर एक ट्रक एमपी 09 एच एच 6512 का चालक करनसिह पिता रतन मकवाना निवासी बंजारी पुरा थाना नालछा ने सुचना दिया कि वह अंग्रेजी शराब वेयर हाउस इंदोर से ट्रक क्रमाक एमपी 09 एच एच 6512 मे 1300 बीयर माउंट का परमीट लेकर दिनांक 24.03.2026 के रात्री 09.30 बजे इदोर से आलीराजपुर/चांदपुर जिला आलीराजपुर के लिए शराब बीयर भरकर निकला था कि टांडा से आगे बाग रोड पर जेतगढ घाटी मे एक बोलेरो वाहन और पीकअप वाहन मे आये अज्ञात आरोपीयो द्वारा ट्रक के आगे पीछे गाडी लगा कर ट्रक को रोक लिया और चालक को ट्रक से उतार से बोलेरो गाडी में बैठा लिया और शराब से भरा ट्रक लेकर गंधवानी रोड तरफ गये इस सुचना पर थाना प्रभारी टाडां एवं उनकी टीम द्वारा तत्काल बल के साथ अज्ञात आरोपीयो की तलाश मे पुरे क्षेत्र मे नाकाबंदी व घेराबंदी की गई तत्तपरता से किये गये पुलिस के कार्य से आरोपी ग्राम धयडी के जंगल मे ट्रक मे भरी शराब को उतार कर पीकअप मे भर कर उसको रफा दफा कर रहे थे इस बीच पुलिस के मोके पर पहुचने से आरोपीगण भागने का प्रयास किये जिनमे से पुलिस के द्वारा आरोपी नुरु पिता गटु भील निवासी धयडी गेरदा को गिरफ्तार किया गया एवं मोके से कुल 801 पेटी शराब जप्त की गई है तथा घटना मे प्रयुक्त पीकअप वाहन और बोलेरो वाहन को विवेचना के दोरान जप्त की गई। प्रकरण मे शेष आरोपीयो की सघन तलाश की जा रही है।

**सराहनिय कार्य**–उक्त बदमाशों को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार रावत थाना टाण्डा व स्ढ्ढ रमेशचन्द नायक, ASI योगेन्द्र मावी, ASI रामसिह हटिला, सउनि रामदास सोलंकी एवं स्टाफ की सराहनीय भुमिका रही है।










# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नाले की सफाई, श्रमदान से दिया स्वच्छता का संदेश

**राजेश नाहर 9479973888**

**खेतिया। शासन के निर्देशानुसार संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नगर परिषद खेतिया द्वारा वार्ड क्रमांक9 भीलवाड़ा क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया गया।**

उक्त जानकारी देते हुये मुख्य नगरपालिका अधिकारी ईश्वर महाले ने बताया कि सफाई अभियान के दौरान श्रमदान कर नाले की साफ-सफाई की गई तथा जेसीबी मशीन की सहायता से नाले में जमा गाद को निकाला गया, जिससे जल निकासी व्यवस्था सुचारू हो सके। अभियान में वार्ड पार्षद अंकलेश अशिले स्थानीय नागरिकों एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारियों की सक्रिय



सहभागिता रही। सभी ने मिलकर स्वच्छता का संदेश दिया तथा नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखें।

अंत में पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कलमकारों की बातों को सुनते हुए उनके जल्द समाधान करने के आश्वासन पर आभार व्यक्त किया।

# आनंदी राठौर ने पाए 83 प्रतिशत अंक, परिवार व नगर का बढ़ाया मान

**मनासा। नगर की होनहार छात्रा आनंदी राठौर ने कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर परिवार और नगर का नाम रोशन किया है आनंदी पार्षद अनसुईया दिनेश राठौर की पुत्री है और वह नगर के डिलाइट पब्लिक स्कूल की छात्रा है उसकी इस सफलता पर परिवार सहित नगरवासियों ने खुशी जताते हुए।**

उज्वल भविष्य की कामना की है।आनंदी ने अपनी मेहनत और लगन से यह उपलब्धि हासिल की है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी बता दे कि आनंदी पढ़ाई के साथ ही अन्य एक्टिविटी में भी प्रतिभाशाली है कक्षा 8 वी में सर्वाधिक अंक लाने वाली आनंदी बताती है कि शुरू से ही उसकी रुचि पढ़ाई में रही है ।



उसका सपना है प्रशासनिक सेवा में जाने का है इस उपलब्धि का श्रेय आनंदी अपनी मां अनसुईया को देते हुए कहती है कि प्रति दिन घर पर मां रोज दो घंटा पढ़ाई कराती थी जिसका परिणाम यह रहा कि वो अच्छे नंबर से पास हो सकी

# घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं है जिले में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है

**किशन लाल जांगिड़ ब्यूरो**

**खरगोन। खरगोन जिले में पेट्रोल पंपों पर इन दिनों बढ़ती भीड़ जरूर देखने को मिल रही है लेकिन प्रशासन का साफ कहना है कि घबराने की बिल्कुल जरूरत नहीं हैजिले में पेट्रोल, डीजल और गैस की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है।**

ग्राउंड पर पहुंचे तो कई पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें नजर आईंलोग अपनी-अपनी गाड़ियों में पेट्रोल डीजल भरवाने के लिए इंतजार करते दिखे। बस एहतियात के तौर पर भरवा रहे हैं सुना है भीड़ है, इसलिए पहले ही आ गए हालांकि, प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक यह स्थिति सप्लाई की कमी के कारण नहीं बल्कि अचानक बढ़ी मांग और अफवाहों के चलते बनी है




अधिकारियों का कहना है कि जिले में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक मौजूद हैऔर सप्लाई लगातार जारी है हमारे रिपोर्टर भरोसा दिलाते हुए लोगों से अपील की गई है कि किसी भी तरह की अफवाहों पर ध्यान न देंऔर जरूरत के अनुसार ही ईंधन लें, ताकि अनावश्यक भीड़ से बचा जा सके। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही हैऔर जल्द ही हालात पूरी तरह सामान्य होने की बात कही जा रही है। आप भी जिम्मेदार नागरिक बनें अफवाहों से बचें और सही जानकारी के लिए जुड़े रहें।

# भेरूलाल माली बने भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश सचिव, पत्रकारों में खुशी की लहर




**ओम जैन शंभूपुरा**

**शंभूपुरा। भारतीय पत्रकार संघ के संगठन विस्तार के तहत भीलवाड़ा में नई नियुक्तियों की घोषणा की गई। इस क्रम में वरिष्ठ पत्रकार भेरूलाल माली को प्रदेश सचिव के पद पर नियुक्त किया गया।**

यह नियुक्ति संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल झोटा द्वारा शहर के एक निजी होटल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की गई, जहां उन्हें नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भारतीय पत्रकार संघ (AIJ) वर्तमान में 22 राज्यों में सक्रिय होकर पत्रकारों के हितों के लिए कार्य कर रहा है, जिससे संगठन की पहुंच और प्रभाव लगातार बढ़ रहा है।

इस संगठन ने हमेशा पत्रकार हितों को महत्व दिया है और आगे भी हमेशा पत्रकारों की आवाज को प्रमुखता से उठाते हुए उनकी समस्या को हल करने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने विश्वास जताते हुए यह भी कहा कि भेरूलाल माली के अनुभव से संगठन को मजबूती मिलेगी और पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए प्रभावी कार्य किया जा सकेगा।

इस गरिमामय अवसर पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पंकज आडवाणी, महासचिव गोपाल वैष्णव, उपाध्यक्ष राजकुमार गोयल, विधि सलाकार महेंद्र नागोरी,राजेश जीनगर, प्रहलाद तेली,ब्रजेश शर्मा, सुभाष व्यास और विजय गढवाल सहित संघ के कई वरिष्ठ सदस्य व पत्रकार उपस्थित रहे।

सभी उपस्थित सदस्यों ने नवनियुक्त वरिष्ठ पत्रकार भैरू लाल माली का दुपट्टा पहना कर स्वागत किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# के श्री श्याम रसोई का भव्य शुभारंभ सम्पन्न

**(रविन्द्र गुप्ता)**

**वाराणसी।** के श्री श्याम रसोई का भव्य शुभारंभ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी द्वारा फीता काटकर किया गया तत्पश्चात प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता अजय कश्यप एवं प्रिंस केशरी द्वारा महापौर अशोक तिवारी का अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। रेस्टोरेंट में दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय एवं स्थानीय व्यंजनों का आनंद काशीवासी ले सकेंगे। उद्घाटन के अवसर पर समस्त यात्रियों एवं स्थानीय लोगों के लिए प्रतिष्ठान द्वारा दो दिन तक 10



प्रति. का अतिरिक्त डिस्काउंट दिया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जंगमबाड़ी के पार्षद विजय द्विवेदी, बंगाली टोला के पार्षद चंद्रनाथ मुखर्जी चंदू दादा, मदन मोहन तिवारी, भाजपा महानगर उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महामना मंडल अध्यक्ष अनुराग शर्मा, रविदास मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पटेल समेत स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# एफडीआई के तहत उज्जैन में 289 करोड़ के बड़े निवेश का प्रस्ताव

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के जन्मदिन पर सिंगापोर की विश्वस्तरीय कंपनी 'ओलम' ने दिया 'मिठास भरा तोहफा'

(धवन माहेश्वरी)

**उज्जैन। धार्मिक नगरी उज्जैन अब सिर्फ आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि उद्योग और निवेश की नई राजधानी बनने की राह पर है। शहर में सिंगापोर की विश्वस्तरीय फूड प्रोसेसिंग कंपनी ओलम ने दस्तक दी है, जिससे आने वाले समय में पूरे मध्यप्रदेश की तस्वीर बदल जाएगी।**

दिग्गज कंपनी ओलम फूड इंग्रीडिएंट्स (ओएफआई) ने प्रत्यक्ष विदेश निवेश के (एफडीआई) के तहत यहां करीब 289 करोड़ रुपये के बड़े निवेश का प्रस्ताव रखा है। खास बात यह है कि यह निवेश अत्याधुनिक चॉकलेट प्रोसेसिंग यूनिट के रूप में होगा। यानि उज्जैन में अब 'चॉकलेट क्रांति' की शुरुआत होने जा रही है। यह निवेश प्रस्ताव ऐसे मौके पर सामने आया है, जब आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का जन्मदिन मनाया जा रहा है। ऐसे में इसे प्रदेश को मिला एक 'मिठास भरा तोहफा' भी कहा जा रहा है।

कंपनी के इंडिया सीएफओ अमित खाखोलिया ने आज एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक श्री राजेश राठौड़ से मुलाकात कर निवेश में रुचि प्रदर्शित की। कंपनी ने विक्रम उद्योगपुरी (डीएमआईसी) में करीब 10 एकड़ जमीन मांगी है। अब तक उज्जैन की पहचान महाकाल की नगरी के रूप में रही है, लेकिन अब यहां वैश्विक कंपनियों की एंट्री नई कहानी लिख रही है। ओलम फूड इंग्रीडिएंट्स जैसी मल्टीनेशनल कंपनी का यहां आना इस बात का संकेत है कि उज्जैन अब अंतरराष्ट्रीय निवेश के नक्शे पर तेजी से उभर रहा है।



फाइल फोटो

दुनिया के छह महाद्वीपों में फैली इस कंपनी की मौजूदगी और भरोसा उज्जैन के लिए किसी बड़ी उपलब्धि से कम नहीं है। ओलाम फूड इंग्रीडिएंट्स का यह प्रस्ताव उज्जैन के भविष्य की नई पटकथा है। यह वह मोड़ है, जहां से शहर आस्था के साथ-साथ औद्योगिक ताकत के रूप में भी अपनी पहचान बनाएगा।

आने वाले सालों में जब उज्जैन का नाम लिया जाएगा, तो सिर्फ महाकाल के लड्डू के लिए ही नहीं बल्कि 'चॉकलेट की मिठास के लिए भी जाना जाएगा।

### उज्जैन में बनेगी इंपोर्टेड चॉकलेट

इस मेगा प्रोजेक्ट के तहत औद्योगिक स्तर पर चॉकलेट का उत्पादन किया जाएगा। यहां हाई क्वालिटी चॉकलेट स्लैब, चॉकलेट चिप्स और बल्क लिक्विड चॉकलेट तैयार होंगे। यानी जो चॉकलेट बड़े-बड़े ब्रांड्स की कुकी, केक और मिठाइयों में मिलते हैं, उसका उत्पादन अब उज्जैन से होगा। अगर सब कुछ तय योजना के मुताबिक चला, तो जल्द ही उज्जैन की जमीन पर बनी चॉकलेट दुनियाभर में एक्सपोर्ट होंगी।

### पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को मिलेगी गति

इस निवेश का सबसे बड़ा असर रोजगार के क्षेत्र में दिखेगा। करीब 650 से ज्यादा लोगों को सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलने की संभावना है। इतना ही नहीं स्थानीय युवाओं को नए स्किल सीखने का मौका मिलेगा, छोटे उद्योगों को काम मिलेगा और ट्रांसपोर्ट, पैकेजिंग और सर्विस सेक्टर में भी तेजी आएगी। यानि यह सिर्फ एक फैक्ट्री नहीं, बल्कि पूरे इलाके की अर्थव्यवस्था को गति देने वाला इंजन साबित होगा। इसके अलावा इस तरह की बड़ी इंडस्ट्री जहां जाती है, वहां छोटे उद्योग खुद-ब-खुद पनपने लगते हैं। यही उज्जैन में भी देखने को मिलेगा। कच्चा माल, पैकेजिंग, सप्लाई, लॉजिस्टिक्स यानी हर क्षेत्र में स्थानीय कारोबारियों को नए अवसर मिलेंगे। इससे उज्जैन का इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम मजबूत होगा और शहर आर्थिक रूप से और सशक्त बनेगा।

### सीएम की सोच उतर रही धरातल पर

इस पूरे निवेश के पीछे सीएम डॉ. मोहन यादव की उद्योग हितैषी नीतियां और दूरदर्शी सोच की बड़ी भूमिका है।

निवेशकों के साथ लगातार संवाद, आसान प्रक्रियाएं और मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए पसंदीदा जगह बना दिया है। विशेषज्ञ मानते हैं कि यह निवेश आने वाले समय में और भी बड़ी कंपनियों को आकर्षित करेगा। दरअसल सरकार की निवेश-अनुकूल नीतियां और तेज़ फैसले लेने की क्षमता अब जमीन पर असर दिखाने लगी है।

### दुनियाभर में फैला है नेटवर्क

ओलाम फूड इंग्रीडिएंट्स दुनिया की बड़ी फूड कंपनियों में गिनी जाती है, जो कोको, कॉफी, डेयरी, नट्स और मसालों जैसे जरूरी खाद्य पदार्थों से जुड़े प्रोडक्ट तैयार करती है। इस कंपनी का काम दुनिया के कई हिस्सों में फैला हुआ है, जैसे अफ्रीका, एशिया, यूरोप, मध्य-पूर्व, उत्तर अमेरिका और लैटिन अमेरिका तक। ओएफआई के पास दुनियाभर में 120 से ज्यादा फैक्ट्रियां और 19 रिसर्च (इनोवेशन) सेंटर हैं। इसी मजबूत नेटवर्क की वजह से कंपनी बेहतर तकनीक, अच्छी क्वालिटी और भरोसेमंद सप्लाई के लिए जानी जाती है।

### इनका कहना..........

**एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौड़ ने कहा कि उज्जैन में ओलाम फूड इंग्रीडिएंट्स का प्रस्तावित एफडीआई निवेश प्रदेश के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे यह साफ होता है कि मध्यप्रदेश अब वैश्विक कंपनियों के लिए एक भरोसेमंद निवेश गंतव्य बन चुका है। ओएफआई जैसी अंतरराष्ट्रीय कंपनी का आना न सिर्फ निवेश को बढ़ाएगा, बल्कि उज्जैन को वैश्विक फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री के नक्शे पर भी स्थापित करेगा। इससे रोजगार, तकनीक और स्थानीय उद्योगों को नई दिशा मिलेगी।**

---

# राजस्थान सरपंच रेटिंग में चित्तौड़गढ़ जिले की शंभूपुरा पंचायत रही फिसड्डी


ओम जैन शंभूपुरा

**शंभूपुरा। हाल ही में प्रदेश के एक प्रतिष्ठित अखबार द्वारा प्रदेश में आगामी सरपंच चुनाव को लेकर वर्तमान सरपंचों के कार्यकाल में किये गए काम को लेकर एक सर्वे किया गया जिसमें जिले में शंभूपुरा पंचायत फिसड्डी साबित हुई।**

सरपंच की तानाशाही से पिछले 6 साल में क्षेत्र के विकास को जैसे ब्रेक लग गया, ग्रामीणों ओर पूरे पंचायत क्षेत्र में ग्राम पंचायत एव विशेषकर स्थानीय सरपंच अजय चौधरी के खिलाफ खासा रोष है, जो इस वोटिंग में खुलकर सामने आया। हर पंचायत क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, नाली, घरों में शौचालय आदि प्रमुख मुद्दों पर प्रदेशभर में अपने अपने पंचायत क्षेत्र से जनता की राय चाही गई, जिसमे शंभूपुरा पंचायत जिले में टॉप 10 में नही आई और फिसड्डी साबित हुई।

### क्षेत्र के हालात खराब, स्वच्छता में शून्य

शंभूपुरा पंचायत में धरातल पर भी जाकर देखो तो गंदगी के सिवाय कुछ भी नहीं मिलेगा, जगह जगह कचरे के ढेर जहाँ गाये इसे खाने को मजबूर, आदित्य सीमेंट से हर समय पर सीएसआर मिलने के बावजूद सरपंच क्षेत्र में स्वच्छता की हालत नही सुधार पाए, क्षेत्र में ना कोई डंपिंग यार्ड, ना कचरा पात्र ओर ना ही स्वच्छता रथ ऑटो कभी चला जिससे क्षेत्र में गंदगी के



अंबार ही देखने को मिलते है सफाई के नाम पर यह पंचायत इस पूरे कार्यकाल में शून्य ही रही है।

### नालियों की हालत खराब सफाई भी नहीं हो रही

क्षेत्र में शुरू से नाली सफाई को लेकर लोग परेशान रहे है, लेकिन ना सरपंच द्वारा इस ओर कभी ध्यान दिया गया ना सचिव ने कुर्सी से कभी उठकर क्षेत्र की स्थिति देखी, जगह जगह नालियां जाम, कही जगह नालियों का गन्दा पानी लोगो के घरों में जा रहा, कही जगह नालियां खुली होने से राहगीर परेशान बाबजूद इसके पंचायत पूरे कार्यकाल में उदासीन ही रही इसके सिवाय ओर कुछ नही किया।

### रोड लाइट उन्ही के जिन्होंने वोट दिया

रोड लाइट में भी ग्राम पंचायत की द्वेषपूर्ण राजनीति मुख्य पटल पर रही, विशेषकर शंभूपुरा गांव में ग्रामीणों का कहना कि हमरे यहाँ हमने रोड लाइट की बोला तो सरपंच बोलता है आपने मुझे वोट दिया क्या जो लाइट लगवाउ, क्षेत्र में अधिकांश जगह पिछले 6 साल में भी रोड लाइट नही लग पाई।

### सड़को पर खड्डे नही खड्डों में सड़के

शंभुपुरा के इस 6 साल के कार्यकाल में लोगो ने सड़को पर खड्डे नही बल्कि सड़के ही खड्डे में देखी है, गली मोहल्लों की सड़कों पर पानी भरा है, मुख्य सड़के भी पंचायत 6 साल में नही बना पाई जिसके चलते इस कार्यकाल को लेकर क्षेत्र में रोष व्याप्त है।

### खराब पानी की सफ्लाई से कई लोग बीमार हुए

कुछ समय पहले ही नल लाइन से खराब पानी की सफ्लाई के चलते कई लोग बीमार हुए जिसके बाबजूद पंचायत मोन धारण कर बैठी रही जिससे भी आम जनता काफी खफा है।

### कहने को खुले में शौच मुक्त धरातल पर हालत गम्भीर

शंभूपुरा ग्राम पंचायत कहने को तो काफी समय पहले से ओडीएफ यानी खुले में शौच मुक्त घोषित हो चुकी है लेकिन इस पंचायत की सच्चाई यह है कि यह आज भी पूर्ण रूप से खुले में शौच मुक्त नही है, इस अभियान में शुरू से ही खुलकर भ्रष्टाचार यहाँ हुआ है, एक पंचायत कर्मी ओर सचिव की मिलीभगत से फर्जी खाते में पैसे डलवाने, फर्जी नाम पर पैसे उठाने सहित कई फर्जीवाड़े हुए लेकिन भ्रष्टाचार का ये मामले शुरू से दबते आये और इस कार्यकाल में भी दबने से कही ना कही मिलीभगत की बू आ रही है, जिससे जिन लोगो को उनका हक मिलना चाइये वो इससे वंचित रहे।

### पंचायत ने तोड़ दी पाइप लाइन, पेयजल को परेशान क्षेत्रवासी

ग्राम पंचायत नाली कार्य के चलते पिछले डेढ़ महीने से अपने द्वारा ही टूटी पाइप लाइन को ठीक नही करवा पाई, ना नल कमेटी ने सुध ली, जिससे आमजन पेयजल को लेकर परेशान है, लेकिन लापरवाह पंचायत कानों में तेल डालकर बैठी है, जिससे क्षेत्र में इस वर्तमान कार्यकाल को लेकर खासा रोष है जिसका सीधा सीधा असर आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा इस बात से भी इनकार नही किया जा सकता है।

### चहेतों से वोटिंग फिर भी फिसड्डी रह गई पंचायत

जानकार सूत्रों ने बताया कि स्थानीय सरपंच अजय चौधरी द्वारा अपने चहेतों से इस सर्वे में जमकर वोटिंग करवाई बावजूद इसके वो अपने कार्यकाल को लेकर फिसड्डी साबित हुए है, जो पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसका सीधा सीधा सम्बन्ध लोग आगामी चुनाव से जोड़ रहे है।

# राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में भगवानपुरा की टंट्या फलिया देजला की बालिका चयनित

**खरगोन.....मनोज मालवीया**

राज्य स्तर पर होने वाली ओलंपियाड प्रतियोगिता में विकासखंड भगवानपुरा के टंट्या फलिया प्राथमिक विद्यालय की बालिका हस्या डुडवे, कक्षा 3 का चयन राज्य स्तर पर अंग्रेजी विषय में होकर राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में बालिका, पालक एवं मार्गदर्शी शिक्षक श्रीमती श्वेता गुप्ता को सम्मानित किया गया।

बीएसी राकेश वर्मा ने बताया कि जिला स्तर पर आयोजित सम्मान समारोह में भी बालिका को सहायक आयुक्त, जिला परियोजना समन्वयक, जिला एकेडमिक समन्वय एवं विकासखंड स्त्रोत समन्वयक भगवानपुर के द्वारा विभिन्न उपहार देकर सम्मानित किया जा चुका है।

साथ ही मार्गदर्शी शिक्षकों को स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मानित किया गया. प्राथमिक विद्यालय टंट्या फलिया देजला से विगत वर्ष भी बालिकाओं का चयन जिला स्तरीय ओलंपियाड प्रतियोगिता में हो चुका है। विकासखंड के विद्यालयों से कुल पांच छात्र-छात्राओं का चयन जिला स्तर पर



होकर उन्हें भी सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया. सभी चयनित बच्चों एवं उनके मार्गदर्शी शिक्षकों को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राजेश कानूनगो को एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री मुरलीधर महाजन द्वारा बधाई देकर इस सत्र में और अधिक बच्चों को प्रतियोगिता में सम्मिलित करने के लिए प्रेरित किया।

# आगामी त्यौहारों के मद्देनजर डी.एम. द्वारा जिले में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी

**नीमच।** जिला दण्डाधिकारी नीमच हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(1) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इस आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सअप, एक्स, इंस्टाग्राम हाईक, एसएमएस टेलीग्राम एवं अन्य सोशल मीडिया साईड आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक, जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नही करेगा और ना ही उन पर कमेंट, लाईक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करेगा तथा ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके। कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगो अथवा सामुदाय के मध्य घृणा वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा



फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करें और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करें। कोई भी व्यक्ति अफवाह या तथ्यों को तोड़-मरोड़कर, भड़का कर उन्माद उत्पन्न करने वाले संदेश जिससे लोग या समुदाय विशेष, हिंसा या गैर कानूनी गतिविधियों में शामिल हो जाये, को प्रसारित नहीं करेंगा और न ही लाईक, शेयर या फॉरवर्ड करेंगा और न ही ऐसा करने के लिए किसी को प्रेरित करेगा। किसी भी व्यक्ति या समुदाय द्वारा सोशल मीडिया साइंट्स पर कोई पोस्ट / संदेश प्रसारित किया जाता है तो उसकी पुष्टि उपरांत ही आगे शेयर और फॉरवर्ड किया जायेगा। नीमच जिले की सीमा में किसी भी साईबर कैफे के स्वामी, संचालक द्वारा किसी भी अंजान व्यक्ति जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त, पैनकार्ड या ऐसे अन्य ही साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साईबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जावेगा। साईबर कैफे के स्वामी/संचालक द्वारा समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखा जावेगा। जिसमें उनका हस्तलिखित नाम, पता, दूरभाष नंबर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित हो, इसके बिना साईबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साईबर कैफे में बिना वेब कैमरा लगाये, जिसमें आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं की फोटो खीची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जावेगा।

# 45 दिवसीय रेल लाओ संघर्ष मोर्चा धरना प्रदर्शन के उपहार स्वरूप मिली सौगात

**पन्ना।** बहु प्रतीक्षित रेल की सौगात पन्ना जिला क्षेत्र नगर वासियों के लिए खुशी विकास और रोजगार लेकर आई है जो 25 दिसम्बर 2009मे रेल लाओ संघर्ष मोर्चा का उदय हुआ जिसका विशेष नेतृत्व योगदान समर्पण भाव से कपिल देव मिश्रा ,पत्रकार त्यागी फूल सिंह भारती, सन्तोष दुबे, श्रीकान्त दीक्षित, मनोज गुप्ता, राज कुमार वर्मा, स्व के के यादव एवं सभी समाजजन संस्थान प्रतिष्ठान समाजसेवी सभी राज नैतिक नेताओं का प्रयास सहयोग रहा है और 2010से रेल लाओ संघर्ष मोर्चा धरना प्रदर्शन उग्र आंदोलन जैसे जन जागरण अभियान मानव श्रंखला पन्ना सभी संस्थान बन्द फिर 86 ग्राम पंचायतों में आम सभाएं जन मत तन्त्र एकत्रित उपरान्त



45दिवसीय अनिश्चित कालीन हड़ताल धरना प्रदर्शन किया गया जिसकी आवाज़ पन्ना से दिल्ली यूपीए केन्द्र सरकार तक गूंजी जिसे तत्काल आने वाले बजट सत्र में शामिल कर पूर्ण रूप से आश्वस्त किया गया की पन्ना रेल लाओ संघर्ष मोर्चा सफल हुआ जिसका परिणाम आज हम सबके सामने दिख रहा है और यह आन्दोलन एतिहासिक क्षण बन गया क्योंकि पन्ना जिला बनाने में जो उग्र आंदोलन किया गया था उसके बाद दूसरा यह अनोखा अदभुत रेल लाओ संघर्ष मोर्चा धरना प्रदर्शन था जो आज सार्थक होकर खुशियां बटोर रहा है क्योंकि पन्ना जिला बहुत पिछड़ा हुआ और कई लोगो ने अपनी जीवन में रेल देखा भी न हो शायद तो पन्ना में रेल आने से बदलेगी तस्वीर और तकदीर जिससे आम लोगों को मिलेगा रोजगार और होगा क्षेत्र का विकास ।

# जैन समाज में शाश्वत औली पर्व की तप आराधना प्रारंभ

**दिपेश पड़ियार**

**पेटलावद। पेटलावद के समग्र जैन समाज में शाश्वत औली पर्व की तप आराधना प्रारंभ हो गई है। प्रथम दिन वर्ण के छह बिना नमक के दो और नमक वाले 57 आयंबिल हुए।**

संयोजक एवं श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष अशोक मेहता ने बताया कि नो दिवसीय तप आराधना में 9 दिन के प्रायोजक अपनी सेवाएं देंगे। इसके साथ ही दसवें दिन समग्र जैन समाज की नवकारसी एवं पारणे का आयोजन भी प्रायोजक द्वारा स्थानीय जैन पंचायती नोहरा झंडा बाजार पर किया जाएगा।



मेहता ने अधिक से अधिक संख्या में प्रतिदिन आयंबिल तप करने का निवेदन समग्र जैन समाज से किया है। प्रथम दिन के लाभार्थी श्रीमति समता संजय चाणोदिया रहे। आपने अपनी माता श्री राजल देवी शांतिलाल चाणोदिया की स्मृति में प्रभावना का वितरण भी किया।

# देवी जागरण में भक्ति गीतों पर झूमे श्रोता, मातृ शक्ति के सम्मान से ही समाज का विकास संभव-डॉ. एस. गिरि

**(रविन्द्र गुप्ता)**

**वाराणसी। आज बृज इनक्लेव कॉलोनी स्थित मुंशी प्रेम चंद्र पार्क में बृज इनक्लेव समाजसेवी एसोसिएशन द्वारा आयोजित महानवरात्रि के पावन पर्व पर भव्य देवी जागरण एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।**

जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायकों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से लोगो को झूम उठे। कार्यक्रम की शुरुआत यजमान रवि प्रकाश उपाध्याय बबलू महाराज एवं अनिता उपाध्याय ने 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा माँ दुर्गा की विधि विधान पूर्वक पूजा किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी के नगर प्रमुख माननीय अशोक तिवारी विशिष्ट अतिथि एडीजे वाराणसी संतोष खरवार, पूर्व सांसद डॉ राजेश कुमार मिश्र, मुख्य सुरक्षा अधिकारी बी.एल.डब्लू . रामजन्म चौबे ने मां दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

अतिथियों का स्वागत संस्था के अध्यक्ष डॉ एस. गिरि व उपाध्यक्ष डॉ राजेश कुमार पाठक ने अंगवस्त्रम एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद लोकप्रिय भजन गायक सुर संग्राम के विजेता मंटू मिश्रा, प्रियंका पांडेय एवं अर्चना तिवारी ने अपने सुन्दर देवी गीतों से उपस्थित जन समुदाय को भक्तिमय कर दिया। इस अवसर पर आयोजित संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष डॉ. एस. गिरि उपाध्यक्ष डॉ. राजेश कुमार पाठक एवं संरक्षक रवि प्रकाश उपाध्याय बबलू महाराज ने कहा कि यह आयोजन अपने आप में एक अनूठा आयोजन है जिसमें पूरे क्षेत्र के लोगो की सहभागिता एकजुटता का प्रतीक है। डॉ एस गिरि ने कहा कि मातृ शक्ति के सम्मान से ही समाज का विकास संभव है साथ ही प्रशासन से मांग कि कॉलोनी की जर्जर सड़कें, प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त हो तथा अराजकतत्वों पर कड़ी कार्यवाही हो जिससे लोग अपने आप को सहज महसूस कर सके।



कार्यक्रम का संचालन सुभाष चंद्र गोस्वामी तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ एस गिरि ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ई. योगेंद्र सिंह, ई. जी. एस. पांडेय, ई. के. एन.चौबे, ई. डी. एन. चौबे, रीना मिश्रा, आर. बी.सिंह, ई. ए. के. सिंह, महेश दूबे, प्रो. प्रद्युम्न दूबे, प्रो. जय कांत तिवारी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षक पात्रता परीक्षा मामले को लेकर राज्य शिक्षक संघ ने सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की



**मनोज मालवीया**

**खरगोन।** प्रदेश के शिक्षकों में शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई थी। इसी चिंता को लेकर प्रदेश भर के शिक्षकों के लिए राज्य शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव के नाम से पुनर्विचार याचिका दायर कर दी गई है । राज्य शिक्षक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभुराम मालवीया एवं जिला अध्यक्ष अमित शर्मा ने बताया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर अब किसी भी शिक्षक साथी को व्यक्तिगत न्यायालय में आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर कोई भी शिक्षक साथी चिंतित नहीं हो । राज्य शिक्षक संघ शिक्षकों के हितों को लेकर सदैव साथ खड़ा रहा है। राज्य शिक्षक संघ ने उच्चतम न्यायालय में रिपीटीशन याचिका दायर की है।

श्री यादव ने बताया कि प्रदेशभर के शिक्षक चिंतित हो रहे हैं और अलग-अलग संगठनों के माध्यम से याचिकाएं लगा रहे लेकिन अब उन्हें अलग-अलग नाम से याचिका दायर करने की जरूरत नहीं है। श्री यादव ने बताया कि किसी भी स्थिति में शिक्षक पात्रता परीक्षा नहीं होने देंगे वे कानून की लड़ाई लड़ेंगे साथ ही इस मामले में शासन स्तर से भी उनका संवाद बना हुआ है। शिक्षक पात्रता परीक्षा को लेकर के राज्य शिक्षक संघ द्वारा प्रदेश भर में विधायकों एवं सांसदों के माध्यम से भी अपनी बात रखी है। इस अवसर पर प्रदेश के पदाधिकारी नरेंद्र त्रिपाठी, नागेंद्र त्रिपाठी, राजेश एलिया, गजेंद्र बछले,गिरीश द्विवेदी, आनंद त्रिवेदी, अनिल पटेल, शैलेंद्र श्रीवास्तव, सत्येंद्र सिंह, सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही पर सख्त प्रहार-एमडी सुनील तिवारी का सख्त संदेश

## सिंहस्थ-2028 की तैयारियों में तेजी, समयबद्ध कार्यों पर विशेष जोर

**उज्जैन। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) मुख्यालय में आयोजित दो दिवसीय त्रैमासिक 21वीं प्रदेश स्तरीय समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक श्री सुनील तिवारी ने स्पष्ट और दृढ़ शब्दों में कहा कि कार्यों में गति के साथ-साथ सुरक्षा मानकों का पालन सर्वोपरि है।**

उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी परिस्थिति में सुरक्षा से समझौता कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी के तहत कार्यस्थलों पर निर्धारित सुरक्षा प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए और कहा कि प्रत्येक कर्मचारी की सुरक्षा कंपनी की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**सिंहस्थ-2028 के कार्यों की गहन समीक्षा**

बैठक में सिंहस्थ-2028 से जुड़े सभी महत्वपूर्ण कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इन कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। साथ ही विभिन्न श्रेणियों में नियुक्त कार्मिकों को सौंपे गए दायित्वों की प्रगति का आकलन कर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।



**सुरक्षा में चूक पर कठोर कार्रवाई के निर्देश**

प्रबंध संचालक ने चेतावनी देते हुए कहा कि मेंटेनेंस कार्यों के दौरान सुरक्षा में किसी भी स्तर की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित फील्ड अधिकारी, जिम्मेदार अधिकारी एवं सुपरवाइजर के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर कंपनी द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की भी स्पष्ट चेतावनी दी गई।

**जेम पोर्टल और पारदर्शिता पर विशेष बल**

बैठक में सामग्री क्रय हेतु शासकीय जेम (GeM) पोर्टल के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया गया, जिससे पारदर्शिता एवं कार्य गति दोनों सुनिश्चित हो सकें। साथ ही वेंडर्स के बिलों का समयबद्ध भुगतान करने तथा ई-ऑफिस प्रणाली के शत-प्रतिशत उपयोग को अनिवार्य बनाने के निर्देश दिए गए।

**Call Before You Dig संस्कृति को अपनाने की अपील**

सार्वजनिक स्थलों पर कार्य करते समय Call Before You Dig प्रणाली को अनिवार्य रूप से अपनाने पर बल देते हुए कहा गया कि इससे दुर्घटनाओं की संभावनाओं को न्यूनतम किया जा सकता है।

**प्रगति एवं भविष्य की रणनीति पर विस्तृत चर्चा**

समीक्षा बैठक में प्रदेश के ट्रांसमिशन नेटवर्क की विश्वसनीयता, वर्तमान प्रगति कार्यों एवं आगामी योजनाओं पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया।

विभागाध्यक्षों एवं फील्ड अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत कर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु रणनीतियां साझा कीं।

बैठक का शुभारंभ 'वंदे मातरम' के छहों छंदों के सामूहिक गायन से हुआ, जबकि समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ।

## राणापुर मंडल में दीनदयाल प्रशिक्षण अभियान सम्पन्न

# 8 सत्रों में 85 कार्यकर्ताओं ने सीखी पार्टी की रीति-नीति

**(पंकज गोस्वामी)**

**राणापुर। भारतीय जनता पार्टी राणापुर मंडल का 2 दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। दो दिनों से जारी प्रशिक्षण शिविर स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में सक्रियता बढ़ा गया।**

शुरुआत में कार्यकर्ताओं का ऑनलाइन पंजीयन किया गया। जिसमें युवा मोर्चा अध्यक्ष विश्वास जैन आईटी सेल प्रभारी शुभम तुवरिया एवं जयेश तुवरिया व कार्यालय मंत्री अविनाश पंड्या ने पंजीयन प्रक्रिया पूरी की। प्रशिक्षण का शुभारंभ वरिष्ठ नेता मनोहर सेठिया, मांगीलाल दुर्गेश्वर, श्रीपाल पंचाल,राधाकिशन राठौड़, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर नायक,मंडल प्रभारी जिला महामंत्री विजय चौहान, नप अध्यक्ष दीपमाला दिलीप नलवाया आदि की उपस्थिति में हुआ।सभी ने भारत माता व पार्टी के पितृ पुरुषों पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों के समक्ष दीप प्रज्वलित किया। वरिष्ठ नेताओं का पार्टी दुप्पटे से सम्मान मंडल अध्यक्ष कमलेश नायक,उपाध्यक्ष कमलेश नाहर,महामंत्री राजू ठाकुर,संचित कटारिया सहित सरपंचों ने किया।

प्रशिक्षण शिविर पार्टी संगठन द्वारा तय किये अनुसार हुआ। शिविर में वक्ताओं ने 8सत्रों की पाठशाला में कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए पार्टी की विशेष रणनीति पर जोर दिया। शासन की योजनाओं के साथ हर घर सरकार के कार्यों की जानकारी पहुंचाने की बात बताई गई। अवसर अवसर पर पूरे जोश के साथ विपक्ष को जवाब भी देने की बात बताई गई।

**अलग अलग विषय पर हुआ मंथन**

प्रशिक्षण के दौरान अलग-अलग सत्रों में अनुभवी वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं के सामने भविष्य की रूपरेखा रखी।

उद्घाटन सत्र के बाद प्रथम सत्र हुआ।जिसमें वैचारिक अधिष्ठान विषय पर पूर्व जिला अध्यक्ष शैलेष दुबे ने विस्तार से प्रकाश डाला।

द्वितीय सत्र में पूर्व जिला महामंत्री कृष्णपाल सिंह राठौर ने भाजपा के इतिहास की सम्पूर्ण जानकारी दी।

कार्य विस्तार की दृष्टि विषय पर तीसरे सत्र में पूर्व विधायक कलसिंह भाभर ने संगठन के फैलाव पर जोर दिया।

प्रदेश की योजनाएँ-श्री सोमसिंह सोलंकी ने सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को समझाया।

केंद्र की योजनाएँ-श्री रामेश्वर नायक ने जनहितकारी योजनाओं के तकनीकी पहलुओं को रखा।

पार्टी की कार्य पद्धति पर जिलाध्यक्ष भानु भूरिया ने जानकारी प्रदान की।

दूसरे दिन 2 सत्र के पश्चात प्रशिक्षण का समापन हो गया।

बूथ प्रबंधन-दिपेश सकलेचा ने 'बूथ प्रबंधन' और 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए जमीनी जुड़ाव का मंत्र दिया।

**सोशल मीडिया एवं संगठन एप**

आई टी से जुड़े अर्पित काटकानी ने कार्यकर्ताओ को विस्तार से जानकारी दी।



प्रशिक्षण में पार्टी संगठन से जुड़े विभिन्न मोर्चो के पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया।पार्टी के झाबुआ जिला प्रभारी राजेंद्र सिंह राठौर ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया।

जिला महामंत्री गौरव खंडेलवाल, राजेश वसुनिया माया सोलंकी ,दिलीप नलवाया, कांतिलाल प्रजापत,जिला मंत्री लालचंद गहरी कनु प्रजापत,रौनक सोनी,आशीष सोनी,सुरेश वागुल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।संचालन दिनेश आसरमा ने किया।आभार मंडल अध्यक्ष कमलेश नायक ने माना।

## पेट्रोल पंपों में स्टॉक की कमी नहीं, आपूर्ति निर्बाध जारी-खाद्य मंत्री श्री राजपूत

**(धवन माहेश्वरी)**

**उज्जैन।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा है कि 24 मार्च 2026 को प्रदेश के कुछ जिलो में पेट्रोल पंपों पर आम जनता के बीच अफवाह की स्थिति के कारण लाईनें लगने तथा उपभोक्ताओं द्वारा पेट्रोल की पैनिक खरीद का मामला संज्ञान में आया था। उन्होंने बताया है कि पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल के स्टॉक की कोई कमी नहीं है। पेट्रोल, डीजल पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। डिपो से भी पेट्रोल पंपों को निरंतर आपूर्ति की जा रही है। किसी भी प्रकार की अफवाह से भ्रमित होने की आवश्यकता नहीं है। घबराहट में न तो खरीदारी करें और न ही किसी प्रकार का संग्रह करें। ऑयल कंपनी द्वारा अवगत कराया है कि, आज की स्थिति में प्रदेश में पेट्रोल/डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, वर्तमान में पेट्रोल एवं डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हो रही है। राज्य स्तर से नियंत्रण कक्ष एवं प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी कर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।




**म.प्र. जन अभियान परिषद्, जिला रतलाम**

**कोर्ट चौराहा, रतलाम 457001**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

**क्र./186/ज.अ.प./लेखा/2026 रतलाम , दिनांक 25/03 /2026**

**सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय को वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु एक वाहन दैनिक/मासिक किराया आधार पर आवश्यकता है। वाहन टियागो/टिगोर/ स्विफ्ट डिजायर/बलेनो/बोलेरो आदि श्रेणी का होना चाहिए। वाहन क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुर्गम ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण हेतु उपयोगी हो। वाहन टैक्सी परमिट हो तथा फर्म/संस्था/प्रोप्रायटर/कंपनी के नाम जीएसटी तथा पेन नंबर होना आवश्यक है।**

**उपरोक्तानुसार प्रति दिवस/प्रतिमाह हेतु प्रस्तुत दरों में औसत डीजल खपत, पीओएल, ड्रायवर, मरमत तथा समस्त कर सहित अन्य व्ययों को सम्मिलित करते हुए प्रस्तुत कि जावें।**

**इच्छुक फर्म/संस्था/प्रोप्रायटर/कंपनी से दरें आमंत्रित की जाती हैं। दरें मोहरबंद लिफाफे में पूर्ण विवरण सहित दिनांक 06/04/2026 समय दोपहर 03.00 बजे तक प्रस्तुत की जा सकेगी। समय सीमा के उपरांत प्राप्त दरों पर विचार नहीं किया जावेगा। अधिक जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा सूचनाओं को पढ़ा जा सकता है। निविदा चयन/निरस्त करने के समस्त अधिकार क्रय समिति को होंगे।**

**जिला समन्वयक, म.प्र. जन अभियान परिषद्**
**जिला-रतलाम (म.प्र.)**
**जल गंगा संवर्धन अभियान से जुडें**



प्रकाशक, मुद्रक धवन माहेश्वरी, मालिक गजेन्द्र माहेश्वरी द्वारा उदयरत्न ऑफसेट,10/2, दारू गोडाउन के आगे, आगर रोड़, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से मुद्रित, 190, विधापति नगर, नानाखेड़ा, उज्जैन (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित
संपादकःशानू माहेश्वरी, ( 9754776006, 7974826006, 8643056464,9575154444) समाचार पत्र में प्रकाशित प्रत्येक समाचार के लिए प्रधान संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों के निपटारे हेतु न्यायालय क्षेत्र उज्जैन ही रहेगा । समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एट के तहत जिमेदार। कानूनी सलाहकार तनुज दीक्षित (अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट)।